www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज


सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-349 सागवाड़ा, शनिवार, 10 सितम्बर, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



शहर में काले बादलों का डेरा... सागवाडा क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर करवट ली। शनिवार दोपहर से आकाश में हल्के बादल छाए हुए थे और हल्की हवा चल रही थी। शाम को शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई।

## बालाचार्य योगेंद्र सागर महाराज की गादी की हुई स्थापना

### पांडाल निर्माण के लिए खोड़निया परिवार ने की 11 लाख की घोषणा





**सागवाड़ा।** पर्युषण पर्व के समापन पर दिगम्बर जैन समाज द्वारा जूना मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में भगवान की गंध कुटी के साथ दस उपवास करने वाले बग्गी में विराजित थे। शोभायात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए योगिंद्रगिरी पहुँचे जहां बालाचार्य योगेंद्रसागर महाराज का सिंहासन नव निर्मित वेदी पर प्रतिष्ठाचार्य पंडित हंसमुख जैन के सानिध्य में पूजा अर्चना करते हुए शाह मणीलाल नाथूलाल परिवार ने स्थापित कीया व 48 दीपक से महा आरती की गयी। गादी स्थापना के बाद तपस्वी विवेक खोड़निया मुस्कान खोड़निया व अन्य तपस्वियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में दशा हुमड दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने अपनी बहु मुस्कान आदिश खोड़निया व भतीजे विवेक खोड़निया के दस उपवास के उपलक्ष्य में मूनिसुव्रतनाथ जिनालय के चारों तरफ़ पाण्डाल बनाने ग्यारह लाख रुपए की घोषणा की। जूना मंदिर में आज भट्टारक सकल कीर्तिजी की गादी परिवर्तन का लाभ जिनु भाई पंचोरी परिवार ने लिया।

कार्यक्रम का संचालन ट्रस्टी राजेंद्र पंचोरी ने किया। इस अवसर पर सुरेश संघवी, महेश सेठ, नरेंद्र खोड़निया, कर्मचारी महासभा अध्यक्ष प्रवीण घोड़ा, शिक्षण प्रबंधन अध्यक्ष राजेश जैन, उपाध्यक्ष निलेश संघवी, कोषाध्यक्ष प्रमोद शाह, धरियावाद में सेठ करणमल, महासचिव सुमतिलाल सरिया, अशोक जैन, महिला महासभा अध्यक्ष साधना कोठारी, परम संरक्षक उशा खोड़निया, कौशल्य सरिया, अरुणा खोड़निया सुषमा, रेखा, तिलकनंदिनी शाह, मीतेश शाह कन्हैयालाल मेहता, नटवरलाल मुंशी, राजमल शाह, मनोहर, गजेंद्र, अश्विन, रिनेश कोठारी, दिनेश मेहता, संतोष खोड़निया, केसरीमल शाह, संजय सारगिया, दीपक शाह, संतोष गललिया, विपिन दोषी, विजय कुमार सेठ, सतीश खोड़न सहित समाज के श्रेष्ठी, युवा व महिलाएँ उपस्थित थे।

## गहलोत सरकार ने जन घोषणा पत्र के 88 फीसदी वायदों को धरातल पर उतारा, केंद्र सरकार पर साधा निशाना

### राज्यमंत्री व विधायक ने सर्किट हाउस में की प्रेसवार्ता

**डूंगरपुर ।** प्रदेश के एससी वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष शंकर यादव व डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ने आज सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान राज्यमंत्री शंकर यादव व विधायक घोगरा ने राज्य सरकार की उपलब्धियो को को गिनाते हुए कहा की गहलोत सरकार ने चुनावी जन घोषणा पत्र के 88 फीसदी वायदों को धरातल पर उतार दिया है। वही इस दौरान दोनों कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्यमंत्री शंकर यादव व डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ने बताया की राज्य की गहलोत सरकार ने अपनी फ्लेगशिप व कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की 36 कोमो को टच करते हुए राहत देने का काम किया है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी ने अपनी चुनावी जन घोषणा पत्र में जनता से कई वायदे किये थे। उसी जन घोषणा पत्र में से राज्य सरकार ने अभी तक 88 फीसदी वायदों को धरातल पर उतारते हुए आमजन को राहत दी है। पत्रकार वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने कहा सरकार की उपलब्धियो व योजनाओं को गिनाते हुए कहा की प्रदेश की गहलोत सरकार ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के फायदे गिनाये।

उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार ने डूंगरपुर जिले को इन सालो में कई सौगात दी है। जिसमे ट्यूरिस्ट सर्किट, कृषि कॉलेज, लॉ कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज के साथ विभिन्न कॉलेज खोलने के साथ बेणेश्वर हाई लेवल पुल, मिनी स्टेडियम, तीरंदाजी एकेडमी की भी सौगात दी है। इस मौके पर इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के बारे में कहा की मनरेगा की तरह शहरी क्षेत्र में ये योजना गरीब लोगो के लिए संजीवनी का काम करेगी। इस योजना से लोगो को जहा रोजगार की गारंटी मिलेगी वही उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। वही राज्यमंत्री शंकर यादव व विधायक गणेश घोगरा ने लम्पी वायरस के मामले में कहा की लम्पी वायरस को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील है। सरकार की ओर से लम्पी वायरस की रोकथाम व बचाव के लिए जागरूकता के साथ कई प्रयास किये जा रहे है। इधर इस मौके पर राज्यमंत्री शंकर यादव ने केंद्र सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और ईडी, सीबीआई और इनकम टेक्स जैसी संस्थाओं के दुरूपयोग के मामले पर भी निशाना साधा।

## वडेरा ने संभाला सागवाड़ा तहसीलदार का पदभार



**सागवाड़ा।** तहसीलदार सागवाड़ा के पद पर शनिवार को डॉ. रमेशचंद्र वडेरा ने कार्य भार ग्रहण किया इससे पूर्व डॉ. रमेशचंद्र वडेरा प्रतापगढ़ जिले के लसाडिया में पदस्थापित थे जहाँ से स्थानांतरित होकर सागवाडा आए है। वडेरा डूंगरपुर जिले की गलियाकोट तहसील में भी तहसीलदार रह चुके है।

## करंट लगने से 3 बच्चों की मां की मौत, पंखे की पिन लगाते हुआ हादसा

**डूंगरपुर।** चौरासी थाना क्षेत्र के गंधवा गांव में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। महिला पंखे की पिन प्लग लगा रही थी और हादसा हो गया।

चौरासी थानाधिकारी भेमजी ने बताया की हकरा रोत निवासी गंधवा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसकी पत्नी उर्मिला रोत (35), 2 बेटे और एक बेटी घर पर रहते है। जबकि वह गुजरात में मजदूरी करता है। कल शुक्रवार रात के समय करीब 8 बजे उर्मिला पंखा चालू करने उसकी पिन प्लग में लगा रही थी। उसी समय अचानक करंट लगने से वह धड़ाम से नीचे गिर पड़ी। ये देख बच्चे जोर से चिल्लाएं, जिस पर आसपास के लोग दौड़कर आए। उर्मिला को डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद उर्मिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर चौरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। महिला की मौत से उसके तीन बच्चो से मां का साया उठ गया है।

## झालावाड़ में आकाशीय बिजली का कहर, 3 की मौत

**झालावाड़।** जिले में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से अलग-अलग स्थानों पर 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में 3 अन्य लोग घायल हो गए. फ़िलहाल घायलों का इलाज जारी है। मृतकों में 1 महिला और 2 पुरुष शामिल हैं। घर में हुई मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया। झालावाड़ जिले में आकाशीय बिजली का कहर 5 स्थानों, मनोहरथाना क्षेत्र के मनपसर, खानपुर के बाघेर, चुनाबाटी, मुंडेरी, असनावर के गादीया शामिल हैं। जहां आकाशीय बिजली गिरने के कारण 1 महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई।

## तनाव में आकर युवक फांसी के फंदे पर लटका, भाई उठाने गया तब लगा पता

**डूंगरपुर।** शहर के सलाटवाड़ा इलाके में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पत्नी सालभर पहले ही उसे छोड़कर चली गई। इससे तनाव में आकर आत्महत्या की। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

कोतवाली सीआई सुरेंद्र सिंह ने बताया की निलेश सोमपुरा निवासी सलाटवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसका भाई लोकेंद्र सोमपुरा (32) कल शुक्रवार शाम को शराब के नशे में घर पर आया। उसे घर के नीचे के हिस्से में सुला दिया, जबकि उसका परिवार घर के ऊपरी मंजिल पर जाकर सो गया। निलेश आज शनिवार सुबह अपने भाई लोकेंद्र को उठाने गया तो अंदर से कुंडी लगी हुई थी। इसके बाद दूसरे रास्ते से अंदर गया तो उसका भाई लोकेंद्र घर में गमछे से फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ था। उसके चिल्लाने पर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। लोकेंद्र को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन उसकी मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। भाई निलेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। मृतक लोकेंद्र की शादी के कुछ समय बाद ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। इसी वजह से उसके तनाव में रहने की बात बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

### इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना का शुभारम्भ समारोह आयोजित

### शहरी क्षेत्र में रोजगार की गारंटी देने वाला राजस्थान बना पहला राज्य

## जरूरतमंद नागरिकों को रोजगार देकर जीवनदायिनी बनेगी योजना : परसादी लाल मीना

**जयपुर।** चिकित्सा एवं कोटा जिला प्रभारी मंत्री परसादी लाल मीना ने कहा कि इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है, यह योजना शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद नागरिकों को रोजगार एवं विकास कार्यों के लिए जीवन दायिनी साबित होगी। जिला प्रभारी मंत्री इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना के शुभारम्भ अवसर पर वार्ड नम्बर 33 रंगपुर पुलिया के नीचे आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार की गारंटी देने वाला राजस्थान पहला राज्य है। इसमें घर बैठे जरूरतमंद नागरिकों को काम मांगने पर नजदीकी स्थान पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की बदौलत गांवों में हर जरूरतमंद को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में भी रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना में बजट की कमी नहीं रहेगी तथा शहरी क्षेत्र में निकायों को आवश्यक कार्य के लिए संशाधनों की कमी नहीं रहेगी।



पर्यावरण, जल सरंक्षण से लेकर स्वच्छता, सम्पत्ति निरूपण हेरीटेज सरंक्षण व सेवा संबधी कार्य समय पर पूरे कराये जा सकेंगे। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह योजना शहरी क्षेत्र की महिलाओं के लिए जीवनदायिनी साबित होगी हर साल परिवार को 100 दिवस का रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसके लिए महिलाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पडेगा, स्थानीय स्तर पर कार्य उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में 18 से 60 आयुवर्ग के नागरिक रोजगार की मांग कर सकेंगे, निकायों द्वारा उन्हें निर्धारित समय में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि देशभर में निशुल्क दवा, निशुल्क जांच एवं चिरंजीवी योजना लागू करने वाला राजस्थान अन्य प्रदेशों के लिए अनुकरणीय है। जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने कहा कि जिले में सरकार की मंशा के अनुरूप जरूरतमंद नागरिकों को समय पर रोजगार के अवसर दिये जायेंगे। प्रत्येक वार्ड में कार्य शुरू किये जाकर आधरभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से विकसित किया जायेगा। उन्होंने योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक परिवार को जनआधार बनवाने, पंजीयन करवाने तथा रोजगार की मांग करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कोटा जिले में योजना के तहत अबतक 15 हजार 500 नागरिकों को जॉबकार्ड जारी किये जा चुके हैं। शुभारम्भ समारोह में जिला प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों ने नागरिकों को जॉब कार्ड एवं नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये नवीन औजारों की पूजा अर्चना कर श्रमिकों को प्रदान किये। निगम द्वारा फावडा, गैंती, परात, करनी आदि आवश्यक औजार पंजीयन करा चुके नागरिकों को प्रदान कर कार्य का शुभारम्भ किया।

### जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा 100 दिन का रोजगार

## प्रभारी मंत्री ने इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के बांटे जॉबकार्ड

**जयपुर।** इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के नए कार्यो का शुभारम्भ शनिवार को सार्वजनिक निर्माण एवं सवाईमाधोपुर जिला प्रभारी मंत्री भजन लाल जाटव ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय साहूनगर मैदान में किया। जिला प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत शहरों के हर जरूरतमंद परिवारों विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय एवं बेरोजगार परिवारों को 100 दिन का गारन्टीसुदा रोजगार अपने ही नगरीय क्षेत्र में उपलब्ध करवा रही है। इस योजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण राज्य में 800 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है जिसमें 18 से 60 वर्ष की आयु के लोग आवेदन के पात्र है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत आवेदन के 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना के तहत एक परिवार को एक वर्ष में 25 हजार रूपये तक का आर्थिक सम्बल मिलेगा। इसके लिए सवाई माधोपुर जिले की नगरीय निकयों को सालाना 16 करोड़ रूपये का बजट दिया गया है।



जिनमें सवाई माधोपुर नगरीय निकाय के लिए 6 करोड़, गंगापुर सिटी के लिए 6 करोड़, बामनवास के लिए 2 करोड़ एवं बौंली के लिए 2 करोड़ रूपये का बजट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में 5 हजार 122 जॉब कार्ड बनाये गए हैं। वहीं नगर परिषद् सवाई माधोपुर में नियोजित श्रमिकों की संख्या 330, कवर किए गए वार्ड 60, कार्यो की संख्या 11 एवं जॉब कार्ड की संख्या 1 हजार 965 है। उन्होंने कहा कि कोई भी जनाधार कार्डधारी आईआरजीवाई-अरबन एमआईएस पोर्टल पर तथा नगरीय निकाय में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है।